आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

### धनु
[ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]

नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

### कर्क
[हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]

कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

### मकर
[भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]

**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

### सिंह
[मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]

**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

### कुंभ
[गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]

**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

### कन्या
[टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]

**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

### मीन
[दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]

**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

गहलोत बोले- भाजपा घमंड में, जनता कब तोड़ देती है, पता नहीं चलता, हमारा अनुभव है

# 'मैं मेरा काम कर रहा हूं, ये मेरी फितरत'



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली/जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीजेपी पर देश में पैसे के दम पर सरकारें गिराने का आरोप लगाते हुए एक बार फिर राजस्थान के सियासी संकट को याद किया है। साथ ही मुख्यमंत्री के तौर पर काम करते रहने का भी संकेत दिया है। गहलोत ने कहा कि बीजेपी के पास इलेक्टोरल बॉन्ड का पैसा एक तरफा जा रहा है। उस पैसे के दम पर ये देश में सरकारें गिरा रहे हैं।गहलोत ने कहा कि बीजेपी को केंद्र में दो बार मौका मिल गया, इसलिए इनको घमंड-अहम आ गया है। घमंड-अहम जनता कब तोड़ देती है, पता ही नहीं लगता है। ये हमने पहले भी अनुभव किया है गहलोत बीते दिनों दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि कर्नाटक के बाद में मध्यप्रदेश, फिर महाराष्ट्र और हमें ऊपर वाले ने बचा लिया। सोनिया गांधी जी का, राहुल गांधी जी का आशीर्वाद था, इसलिए सरकार बच गई। हमारा पूरा कुनबा एक रहा, वरना सरकार चली जाती। गहलोत ने कहा- मैं तो मेरे रास्ते पर चल रहा हूं। पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दे रखी है, निभा रहा हूं। उसके अलावा मैं कुछ नहीं कर रहा हूं। ईमानदारी, निष्ठा, प्रतिबद्धता के साथ में समर्पित होकर पार्टी की जिम्मेदारी निभा रहा हूं। गहलोत ने कहा कि गरीब, दलित, पिछड़ों के लिए फैसले करना मुझे बहुत अच्छा लगता है। जो मैं कर सकता हूं। सोशल सिक्योरिटी की हमने थीम बना रखी है। आप देखेंगे कि शिक्षा में, स्वास्थ्य में, सब जगह मैं सोशल सिक्योरिटी को अडॉप्ट किए हुए हूं तो मुझे तो धुन लगी हुई है। मैं मेरे काम करूंगा।

### अनुभव का कोई विकल्प नहीं

गहलोत ने कहा- मैंने पहले भी ये बात कही है कि अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। मल्लिकार्जुन खड़गे का अलग अनुभव है। शशि थरूर का अलग अंतर्राष्ट्रीय अनुभव है। अनुभव का कोई विकल्प नहीं होता है, कभी नहीं होता है। नौजवान तो दौड़ भाग ज्यादा कर सकते हैं। अनुभव का विकल्प नहीं होता है।

### राहुल गांधी जननायक के रूप में उभरकर आएंगे

**गहलोत** ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा में राहुल जी का कारवां चल पड़ा है। राहुल गांधी को आप देखेंगे कि राष्ट्रीय नेता और फिर जननायक के रूप में उभरकर आएंगे, क्योंकि वो व्यक्ति आज लड़ रहा है। आप पूरे गांधी परिवार को देख रहे हो। सोनिया गांधी 22 साल तक कांग्रेस अध्यक्ष रहीं। प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं किया। 30 साल से गांधी परिवार का कोई मेंबर पीएम, सीएम, मंत्री नहीं बना। खाली संगठन की जिम्मेदारी संभाले हुए थे। वो भी इस बार इन्होंने छोड़ दी है। उसका दुःख तो हम सबको ही है। अगर राहुल जी वापस संभाल लेते, मैंने भी रिक्रेस्ट की थी उनसे, तो एक नया मैसेज जाता, क्योंकि अभी हमारे सामने बहुत भयंकर चुनौतियां हैं। मैं समझता हूं कि हम सबकी सच्चाई का साथ देने की जिम्मेदारी बनती है। सच्चाई हमारे पक्ष के अंदर है। अंतिम विजय सच्चाई की होगी।

### मैं तो सोनिया-राहुल को सलाम करता हूं, पीएम-अध्यक्ष पद छोड़ दिए

**गहलोत** ने कहा- सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कहा कि हमारे परिवार का कोई व्यक्ति अध्यक्ष चुनाव में नहीं खड़ा होगा। ये कहने की हिम्मत चाहिए। गांव में सरपंच का पद भी कोई नहीं छोड़ता है। इन्होंने प्रधानमंत्री पद छोड़ दिया। कांग्रेस अध्यक्ष बनना स्वीकार नहीं किया। देश सेवा में लगे हुए हैं, मैं तो इनको सलाम करता हूं।

---




# एएसजी नेत्र चिकित्सालय ने निकाली 'स्वच्छ घर ही नहीं स्वच्छ शहर भी' रैली

**जयपुर @ जागरूक जनता।** एएसजी नेत्र चिकित्सालय द्वारा बीते दिनों आम जन में स्वछता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए इस दिवाली 'स्वच्छ घर ही नहीं स्वच्छ शहर भी' अभियान का विशाल आयोजन किया गया। देश के 49 राज्यों एवं 40 शहरो में विस्तारित एएसजी नेत्र चिकित्सालय के सभी हॉस्पिटलों द्वारा ये जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इसी क्रम में स्वछता के प्रति जागरूकता फ़ैलाने के लिए एएसजी नेत्र चिकित्सालय भगवान दास रोड से एक रैली आरम्भ गई, जो गर्वमेंट हॉस्टल पर विसर्जित हो गई। रैली का शुभारम्भ विकास कुमार (Ats Head raj), जितेंद्र श्रीमाली (पार्षद वार्ड-150), ठा. राम सिंह चंदलाई (राजपूत समाज अध्यक्ष) एवं अखिल भारतीय नाटाणी समाज समिति अध्यक्ष ताराचंदू नाटाणी, गोविंद नाटाणी द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया। एएस जी नेत्र चिकित्सालय जयपुर के डॉ. आशीष कुमार अग्रवाल ने बताया की चिकित्सालय समूह ने सदैव आमजन के प्रति पूर्ण संवेदना के साथ काम किया है। देशभर में विभिन जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज को समय-समय पर प्रेरित और जागरूक करने का प्रयास किया जाता हैं। रैली के दौरान युवाओं की ओर से मार्ग में फैले कचरे को इकट्ठा किया गया। वहीं उपस्थित लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली। अंत में सभी को एएसजी नेत्र चिकित्सालय समूह द्वारा प्रतिष्ठा पत्र दिया गया।

---

कोविड से मरने वालों के आश्रितों के लिए खबर

# आर्थिक सहायता के लिए कर सकेंगे आवेदन 15 तक, 50 हजार रुपए की सहायता राशि मिलेगी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य में पिछले 2 साल में जिन भी व्यक्तियों की मौत हुई है, उनके परिजनों को राज्य सरकार आर्थिक सहायता दे रही है। लेकिन अब भी कई ऐसे परिवार है, जिनके आश्रित मुआवजा लेने से रह गए है। ऐसे परिवारों के लिए सरकार ने आवेदन की तिथि को 15 नवंबर तक बढ़ा दिया है।

जयपुर सीएमएचओ फर्स्ट डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट ने कोरोना से मृत व्यक्ति के आश्रितों अथवा परिजन के लिए 15 नवम्बर तक आवेदन के लिए तिथि को बढ़ा दिया। ऐसे परिवारों को आवेदन करने या जिनके आवेदन में कमियां रह गई है उनको दस्तावेजों की पूर्ति करके सहायता राशि के लिए आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से ऐसे हर परिवार या आश्रित को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

आपको बता दें कि राज्य में मार्च 2020 से कोविड की शुरूआत हुई थी और तब से अब तक प्रदेशभर में 13.13 लाख लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके है, जबकि 9644 लोगों की मौत हो चुकी है।

---

# जागरूक खबरें

### ■ अस्पतालों में लगेंगे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार ने अस्पतालों के लिक्विड एवं सॉलिड वेस्ट के निस्तारण के लिए बनने वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए बीस करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी है। इससे प्रदेश के बड़े अस्पतालों आरयूएचएस, एसएमएस अस्पताल, जनाना अस्पताल, महिला चिकित्सालय जयपुर, महात्मा गांधी अस्पताल जोधपुर, पीबीएम अस्पताल बीकानेर तथा चिकित्सा महाविद्यालय कोटा से संबद्ध अस्पतालों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित होंगे तथा अस्पतालों के लिक्विड एवं सॉलिड वेस्ट का निस्तारण किया जा सकेगा। प्लांट के निर्माण के लिए लागत का 50% व्यय चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा 50% राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल वहन करेगा।

### ■ केशव अरोड़ा प्रदेश प्रमुख नियुक्त



**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल के राष्ट्रीय प्रमुख राजेश मणि त्रिपाठी ने विद्याधर नगर निवासी केशव अरोड़ा को प्रदेश प्रमुख राजस्थान नियुक्त किया है।

### ■ आशीष रालोजपा लेबर सेल जयपुर शहर अध्यक्ष

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी लेबर सेल के राजस्थान प्रदेस अध्यक्ष गोविन्द ठाकुर ने सांगानेर निवासी आशीष कटारिया को राष्ट्रीय अध्यक्ष एव केबिनेट मंत्री पशुपति कुमार पारस एव राष्ट्रीय महासचिव राम सिंह के निर्देशानुसार पर जयपुर शहर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया, आशीष कटारिया ने प्रदेस अध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि वो पार्टी का विस्तार करेगे एव निष्ठा एव ईमानदारी से कार्य करेंगे।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

---

दीपावली बाद नए जिलाध्यक्षों की होगी घोषणा, लिस्ट तैयार

# BJP के 14 जिलाध्यक्ष लड़ना चाहते हैं विधानसभा चुनाव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान बीजेपी के 14 जिलाध्यक्ष विधानसभा चुनाव 2023 के लिए टिकट की कतार में हैं। ऐसे कई जिलाध्यक्षों ने पार्टी को विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा खुद जताते हुए जिलाध्यक्ष पद छोड़ने का आग्रह किया है। इनके अलावा कई ऐसे जिलाध्यक्ष हैं जिनकी परफॉर्मेंस को देखते हुए पार्टी ने बदलाव का खाका तैयार कर लिया है। पहली सूची में दर्जनभर जिलाध्यक्ष बदले जा सकते हैं। विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी संगठन में इसे बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी में दीपावली के मौके पर बड़ा फेरबदल होगा।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विधानसभा चुनाव 2023 और लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला, मोर्चा और प्रकोष्ठ स्तर पर जरूरी फेरबदल अभी से शुरू करने के निर्देश दिए हैं। बीजेपी के 44 संगठनात्मक जिलों में से 20 जिलाध्यक्ष जल्द ही बदले जा सकते हैं। चुनाव में लगभग 1 साल का वक्त बचा है। इसलिए विधानसभा क्षेत्रों में पूरी तरह एक्टिव होकर ये नेता उतरना चाहते हैं। सूत्रों के मुताबिक इन जिलों में पार्टी ने पर्यवेक्षक लगाए हैं, जो नए जिलाध्यक्षों पर फीडबैक लेकर पार्टी को दे रहे हैं। जिलाध्यक्षों के बदलाव के बाद सभी मोर्चा और प्रकोष्ठों में भी बदलाव होगा। संगठन और कार्यकर्ताओं पर पकड़ बनाने का समय भी नए जिलाध्यक्षों को मिल सके।

### ये जिलाध्यक्ष बदले जा सकते हैं

**जयपुर** शहर जिलाध्यक्ष बदले जा सकते हैं। अलवर उत्तर और दक्षिण में से एक जिलाध्यक्ष को पद मुक्त किया जा सकता है। दौसा में नया जिलाध्यक्ष लगाया जाएगा। सवाईमाधोपुर, बांसवाड़ा, बीकानेर देहात, चूरू, टोंक, सीकर, झुंझुनूं, भरतपुर, करौली, भीलवाड़ा, अजमेर, जोधपुर, बाड़मेर, सिरोही, कोटा, करौली, धौलपुर, उदयपुर में भी जिलाध्यक्ष बदलने को लेकर पार्टी संगठन ने एक्सरसाइज की है। जिलाध्यक्षों के खुदके आवेदन, विधायक टिकट की सम्भावनाएं, अब तक की परफॉर्मेंस, कार्यकर्ताओं, पार्टी नेताओं और पब्लिक से मिले फीडबैक, आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह पूरी कवायद की जा रही है। नए जिलाध्यक्ष के चेहरों पर भी संगठन में एक राय बनाने की कोशिश की जा रही है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया जल्द ही प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह से जिलों में बदलाव की सूची पर चर्चा कर सकते हैं। दौसा जिलाध्यक्ष रतन तिवाड़ी को कुछ आरोप लगने पर हटाया गया है, उनकी जगह दूसरा जिलाध्यक्ष लगाया जाना है। धौलपुर जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा, सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष डॉ भरत मथुरिया, अजमेर शहर जिलाध्यक्ष डॉ प्रियशील हाड़ा, जोधपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष जगराम विश्नोई, जोधपुर देहात उत्तर जिलाध्यक्ष मनोहर पालीवाल, सिरोही जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित, उदयपुर शहर जिलाध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, उदयपुर देहात जिलाध्यक्ष भंवर सिंह पंवार, बांसवाड़ा जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह राव, कोटा शहर जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, कोटा देहात जिलाध्यक्ष मुकुट बिहारी नागर के नामों पर भी मंथन चल रहा है।

---

ANCHOR | सियासी विवाद

# चुनौति : अब खड़गे करेंगे पायलट की भूमिका तय

## राजस्थान में विधायक दल की बैठक फिर बुलाने के आसार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष पद पर चुनाव खत्म हो जाने के बाद अब एक बार फिर राजस्थान की सियासत गरमाने के आसार बन गए हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद अब राजस्थान के सियासी विवाद पर नए सिरे से दिल्ली में हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के खेमों के बीच जारी खींचतान पर अब हाईकमान की ओर से खड़गे को फैसला करना है। राजस्थान में सियासी संकट का मामला अध्यक्ष चुनाव की वजह से पेंडिंग था, अब उस पर फिर से एक्सरसाइज शुरू होगी। आगे खबर और भी है, उससे पहले नीचे दिए गए पोल में हिस्सा लेकर आप अपनी राय दे सकते हैं। अशोक गहलोत और सचिन पायलट खेमों के बीच खींचतान को चुनावी साल से पहले निपटाना खड़गे के लिए सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है। खड़गे इस खींचतान के खुद गवाह रहे हैं। 25 सितंबर को अशोक गहलोत खेमे के विधायकों ने नए सीएम पर फैसले का अधिकार हाईकमान पर छोड़ने के लिए बुलाई गई विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर दिया था। उस समय प्रदेश प्रभारी अजय माकन के साथ खड़गे भी हाईकमान की ओर से ऑब्जर्वर बनाकर भेजे गए थे। राजस्थान विवाद से इसी वजह से खड़गे अच्छी तरह अवगत हैं। अब उस घटना पर फैसला खड़गे को करना है।



### हाईकमान को सीएम चयन का!

**राजस्थान** के सियासी विवाद पर अब कांग्रेस हाईकमान की हैसियत से मल्लिकार्जुन खड़गे फैसलों की शुरुआत एक लाइन के प्रस्ताव से कर सकते हैं। मुख्यमंत्री का फैसला हाईकमान पर छोड़ने का प्रस्ताव पारित करने के लिए विधायक दल की बैठक बुलाने पर फैसला जल्द हो सकता है। इसके लिए नए सिरे से ऑब्जर्वर नियुक्त होंगे। जयपुर में विधायक दल की बैठक बुलाए जाने से फिर सियासत गरमाएगी और बदलाव की चर्चाओं को बल मिलेगा, इसलिए बैठक पर फैसला सही समय पर ही लिए जाने की संभावना है।

### नोटिस वाले तीन नेताओं के खिलाफ एक्शन पेंडिंग, अब आगे बढ़ेगी कार्रवाई

राजस्थान के सियासी बवाल पर एक्शन से खड़गे का अध्यक्ष पर पर्सेप्शन तय हो सकता है। 25 सितंबर को विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करके पैरेलल बैठक बुलाने के मामले में तीन नेताओं के खिलाफ अभी एक्शन पेंडिंग है। मंत्री शांति धारीवाल के घर पैरेलल विधायक दल की बैठक बुलाने, उसका इंतजाम करने और विधायकों को कन्फ्यूज करने का आरोप लगाते हुए धारीवाल के साथ मंत्री महेश जोशी, आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ को नोटिस दिए गए थे। तीनों नेता नोटिस का जवाब दे चुके हैं। अब खड़गे को तीनों के खिलाफ एक्शन लेने या माफ करने पर फैसला करना है। इस मामले में कार्रवाई पर राजस्थान कांग्रेस की आने वाली सियासत और अध्यक्ष की पकड़ पर नरेटिव तय होना है।

### पायलट की भूमिका पर अब फैसले की संभावना

नए अध्यक्ष के आने के बाद अब सचिन पायलट की सत्ता-संगठन में भूमिका पर अब जल्द फैसला होने के आसार है। सचिन पायलट खेमे के नेता पहले उन्हें सीएम बनाए जाने की मांग को लेकर मुखर थे,लेकिन 25 सितंबर की घटना के बाद पायलट समर्थकों ने रणनीतिक चुप्पी साध रखी है। बताया जाता है कि गांधी परिवार ने पायलट को लेकर पहले फैसला कर लिया था, उस फैसले को लागू खड़गे से करवाया जाएगा।

### गहलोत-पायलट खेमों की खींचतान मिटाने के लिए बड़े फैसले संभव

**कांग्रेस** के जानकारों का मानना है कि मल्लिकार्जुन खड़गे शुरू में कुछ बोल्ड फैसले कर सकते हैं। इसकी शुरुआत राजस्थान से होने की संभावना है। राजस्थान में गहलोत और पायलट खेमों के बीच जारी झगड़े को मिटाना खड़गे के लिए बड़ी चुनौती मानी जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि चुनावी सालन से पहले राजस्थान को लेकर बड़े फैसले होने तय हैं, जिसमें सत्ता और संगठन के स्तर पर बड़े बदलाव होने तय हैं। राजस्थान को लेकर रुके हुए फैसले अब जल्द होने के आसार भी बन गए हैं। पिछले 15 दिन से शांत हुई कांग्रेस की अंदरूनी सियासत दिवाली बाद फिर से गरमाने के आसार हैं।

शुभ दीपोत्सव

# तारे जमीं पर... जगमग रोशनी से जगमगा उठी गुलाबीनगरी


सभी फोटो जागरूक जनता के फोटोग्राफर रवि गौतम ने लिए है।






## बड़ी चौपड़ पर लाइट फाउंटेन कर रहा अट्रैक्ट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर में दीपावली पर अमेरिका के डिज्नीलैंड से लेकर विभिन्न देवताओं की थीम पर बाजारों को सजाया गया है। रोशनी को देखने के लिए जयपुरराइट्स के साथ ही टूरिस्ट पहुंच रहे हैं। जयपुर के प्रमुख बाजारों में भी यूनीक थीम पर लाइटिंग की गई है। इनमें किशनपोल बाजार को भगवान श्री कृष्ण की थीम पर सजाया गया है। जौहरी बाजार में माता लक्ष्मी और गणेश जी कमल के फूल पर बैठे दर्शन दे रहे हैं। चांदपोल बाजार में भगवान शिव अपने हाथ पर बिठाकर गणेश जी को खिलाते हुए नजर आ रहे हैं। छोटी चौपड़ पर अमेरिका का डिज्नीलैंड तैयार किया गया है। यहां कार्टून कैरेक्टर्स के विशालकाय स्टैच्यू लगाए गए हैं। त्रिपोलिया बाजार में मिनी 'सरगासूली' भी बनाई गई है।













## जागरूक खबरें

### अरमाने गिरिधर को रक्षा सचिव बनाया

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** सड़क परिवहन और राजमार्ग के सचिव अरमाने गिरिधर अगले रक्षा सचिव होंगे। वे 31 अक्टूबर को कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा रक्षा सचिव अजय कुमार इसी दिन सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय मल्होत्रा को राजस्व विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है।

### डॉक्टरों के 840 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**जयपुर @ जागरूक जनता।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश में चिकित्सा अधिकारियों के 840 पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) ने इसके लिए आवेदन मांगे हैं। ऑनलाइन आवेदन 17 अक्टूबर से 11 नवंबर तक लिए जाएंगे। आवेदन विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### जेकेके में 29 को सजेगी गीतों भरी शाम मेरी आवाज़ ही पहचान है

**जयपुर @ जागरूक जनता।** चित्रांश आर्ट्स एंड कल्चरल द्वारा 40 कायस्थ गायक कलाकारों की आवाज प्रस्तुत होगी। कार्यक्रम निर्देशक राकेश श्रीवास्तव ने बताया। लक्ष्मीकांत प्यारेलाल, आर डी बर्मन जैसे ख्यातनाम संगीतकारों की धुनों से सजी गीतों भरी शाम के मुख्य अतिथि अनूप बरतरिया होंगे। विशिष्ट अतिथि शिप्रा सक्सेना, विमल सक्सेना, दिनेश माथुर, संजय सक्सेना, संजय भटनागर, गोपिमोहन, लाडली शरण, छैलबिहारी माथुर होंगे। कार्यक्रम में कायस्थ समाज की प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने हेतु अवसर प्रदान किया गया है।

### शांति देवी फाउंडेशन ने गरीब बच्चों को दिए दिवाली गिफ्ट



**जयपुर @ जागरूक जनता।** शांति देवी फाउंडेशन एनजीओ की टीम द्वारा दिवाली के पर्व पर सी स्कीम, टोंक रोड, जेएलएन मार्ग के सड़क किनारे पर एवं आसपास की कच्ची बस्तियों में रहने वाले बच्चों और लोगों को भोजन के पैकेट, दिवाली के पटाखे एवं मिठाइयां वितरित किया। शांति देवी फाउंडेशन के अध्यक्ष श्रवण शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा सभी तरह के त्योहारों को इसी तरह सड़क किनारे रहने वाले लोगों एवं उनके बच्चों के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक श्रवण शर्मा, संकल्प फैड्रिक, कुलदीप शर्मा तथा दिनेश सोनी एवं अन्य मौजूद रहे।

# दीपावली आज, जगमग हुआ बाजार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net





**चित्तौड़गढ़।** यूं तो दीपोत्सव पर पुरातन काल से रोशनी करने की परंपरा रही है लेकिन पिछले दो वर्षों के कोरोना काल के दौरान रोशनी का पर्व दीपोत्सव नीरस एवं फीका रहा है । इस वर्ष जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल की पहल पर नगर परिषद एवं नगर विकास न्यास ने इस दीपावली को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया है जिमसें शहरवासी भी पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभा रहे हैं। जिसके फलस्वरूप पांव दिवसीय दीपोत्सव के प्रथम दिवस शनिवार को शक्ति और भक्ति की नगरी सतरंगी रोशनी से जगमगा उठी। राजकीय भवनों के साथ-साथ नगर के प्रमुख चौराहों, रेल्वे ओवर ब्रिज , गंभीरी नदी के तीनों पुल, गोलप्याऊ चौराहा, सुभाष चौक सहित शहर के लगभग सभी क्षेत्रों में जगमगाती विद्युत रोशनी ने शहरवासियों को अनुठी दीपावली की अनुभूति कराई है। वहीं कई लोगों कहना है है वर्ष दीवाली पर एक प्रकार की थीम पर विद्युत सज्जा करने से नई अनुभूति नहीं होती।वहीं शहर के बाजारों में सजी विभिन्न प्रकार की दुकानों में आज से ग्राहकी का दौर शुरू हो गया। धनतेरस के शुरू होते ही पूजन सामग्री की दुकानों पर भीड़ पडने लगी, वही धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर लोग स्वर्ण व चांदी के आभूषण, पीतल के बर्तन की खरीदारी करने पहुंचे। साथ ही पटाखा और मिठाई की दुकानों पर भी विभिन्न प्रकार की मिठाइयां खरीदने के लिए ग्राहक उमड़े।

### विदेशी पर्यटक हुए अभिभूत

दीपावली पर्व के उपलक्ष में शहर में की गई सतरंगी रोशनी एवं बाजार में हो रही लोगों की खासी चहल-पहल विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक दुर्ग देखने आये विदेशी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बनी। ब्राजील, स्विट्जरलैंड सहित अन्य देशों से आये पर्यटक जहां दीपावली की रोशनी को देखकर अभिभूत हुए वहीं उन्होंने इस पर्व पर की जाने वाली लक्ष्मी पूजा के लिए लक्ष्मी गणेश के चित्र खरीदने में भी गहरी रूचि दिखाई। इसके अलावा अन्य दीपोत्सव की सामग्री भी खरीदी। विदेशी मेहमानों का दीपावली के प्रति यह लगाव भारतीय संस्कृति को विदेश तक नई पहचान देने में कामयाब साबित होगा।

**निजी कंपनी को दिया ठेका**

## साल भर जगमगायेगी दुर्ग की प्राचीर

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** विश्व विख्यात चित्तौड़गढ़ दुर्ग वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल है, लेकिन रात्रि के समय यहां आने वाले पर्यटक दुर्ग पर दूर से अंधेरा देखते हैं। वही विशेष आयोजनों व दिवाली के ऐसे अवसर पर नगर परिषद के द्वारा दुर्ग की प्राचीर पर विशेष विद्युत सज्जा की जाती है। जिसे शहरवासियों सहित पर्यटक भी सराहते हैं। इसके लिए जिला प्रशासन सहित जनप्रतिनिधि भी दुर्ग की प्राचीर साल भर जगमगाए प्रयासरत थे। अब 8 करोड रुपए में दुर्ग की प्राचीर को साल भर जगमगाने के लिए एक विद्युत कंपनी से बात की है। धरोहर संरक्षण व प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने बताया कि वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल चित्तौड़गढ़ दुर्ग की प्राचीर साल भर जगमगाए और पर्यटक को में आकर्षण का केंद्र रहे इसके लिए जिला प्रशासन के साथ सभी प्रयासरत थे। चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल पुरातत्व विभाग के अधिकारियों नगर परिषद सभापति संदीप शर्मा से बातचीत कर इसके लिए कार्ययोजना बनाई गई।




## गोबर से बने 1008 दीपकों से रोशन हुआ कलक्ट्रेट परिसर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** जिला प्रशासन चित्तौड़गढ़ की ओर से शुक्रवार शाम को एक अनूठी पहल के तहत कलक्ट्रेट परिसर में गोबर से बने 1008 दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया। जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल और पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने भी दीपक जलाकर दीपोत्सव में हिस्सा लिया। इस अवसर पर आकर्षक ढंग से स्वास्तिक और दीपक की आकृति उकेरी गई। जिला कलक्टर पोसवाल ने इस अवसर पर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दीपावली सभी के लिए मंगलकारी और सुख-समृद्धि लाए। हमारा संकल्प है कि इस दिवाली को सभी मिलजुल कर हर्षोल्लास के साथ मनाएं। जो लोग किसी कारण से दिवाली नहीं मना पाए, उनके लिए हम आगे बढ़कर खुशियों बांटें। दीपोत्सव कार्यक्रम में जिला परिषद सीईओ राकेश पुरोहित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

**पत्रकार सम्मान के साथ पिंकसिटी प्रेस क्लब के 31वें स्थापना दिवस का समापन**

# पत्रकार आवास योजना के पैरोकार बनेंगे डॉ. जोशी, राठौड़

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब के 31वें स्थापना दिवस के पांच दिवसीय भव्य आयोजन का रविवार, को पत्रकारों के सम्मान के साथ समापन हुआ। समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने पत्रकारों की वर्षों से लम्बित आवास योजना का शीघ्रता से निराकरण करने का विश्वास दिलाया। उन्होने कहा कि वे इस सम्बन्ध में व्यक्तिगत तौर पर मुख्यमंत्री से मिलकर पत्रकारों की भावना से अवगत करवाएंगे। उन्होने कहा कि देश में बढ़ते कार्पोरेट युग में लोकतंत्र को बचाने की भूमिका सिर्फ मीडिया निभा सकता है।

इससे पहले क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने अतिथियों, सम्मानित पत्रकारों एवं आगन्तुकों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में पत्रकार आवास योजना की जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस की पिछली सरकार के समय पत्रकारों की आवास योजना लागू हुई थी। जिसमें जेडीए द्वारा आंवटन राशि जमा कर लौटरी सिस्टम से 571 पत्रकारों को आवास आवंटित कर दिए। आवास की यह योजना काफी समय से लम्बित है। मुझे उम्मीद है, कि राज्य सरकार शीघ्र पत्रकारों को भूखण्ड देकर पत्रकारों की दीपावली मनवाएगी।

समारोह के विशिष्ट अतिथि राजस्थान पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री जी मीडिया फ्रेण्डली है। कांग्रेस सरकार के पिछलें कार्यकाल के दौरान पत्रकार सम्मान योजना लागू की गई। पत्रकारों की आवास योजना के लिए मैं और डॉ. महेश जोशी आपके वकील बनकर पुरजोर पैरवी करेंगे। इससे पूर्व समारोह के शुभारम्भ पर अथर्व भट्ट की मोहनवीणा वादन एवं बनारस के तबला वादक अभिषेक मिश्रा की संगत ने सबको मोहित कर लिया। स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री महेश जोशी ने दीप प्रज्ज्वलन किया। महासचिव रघुवीर जांगिड़, समारोह संयोजक राहुल गौतम, उपाध्यक्ष पंकज शर्मा एवं गिरिराज गुर्जर एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिंह भेंट कर स्वागत किया। महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने आभार व्यक्त किया।



### इनका हुआ सम्मान

**इस** अवसर पर क्लब सभागार में स्पेशल मीडिया अवार्ड इन जर्नलिज्म-2022 प्रकाश भण्डारी, अनिल शर्मा, जितेश जेठानन्दानी, बेस्ट एडिटर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अवार्ड-2022, मनोज माथुर, अमित भटट, बेस्ट प्रिण्ट मीडिया रिपोर्टर अवार्ड, नरेश वशिष्ठ एवं सुरेन्द्र स्वामीसंयुक्त,पंकज सोनी, महेश पारीक, स्पेशल अवार्ड इन प्रिंट मीडिया-2022 प्रकाश चन्द शर्मा, रोशन लाल शर्मा ईशमधु तलवार स्मृति पुरस्कार-2022, मनोज वाष्णेर्य मीडिया एक्सीलेंसी अवार्ड-2022, सचिन सैनी, भानु प्रताप बेस्ट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रिपोर्टर अवार्ड दशरथ सिंह, बी.के शर्मा, भारत दीक्षित, डिजीटल मीडिया रिपोर्टर अवार्ड जसवन्त सिंह, नीरज शर्मा, प्रदीप सिंह शेखावत, श्रेष्ठ उपसम्पादक पत्रकारिता पुरस्कार, वसीम अकरम कुरैशी अवधेश शर्मा, कैलाश गुर्जर, नवोदित पत्रकार एवज पांचाल, स्पेशल अवार्ड इन प्रिंट मीडिया-2022, मुकेश पारीक, विशेष पुरस्कार हरि सिंह चौहान, शंकर शिखर, अरविन्द भूटानी, भारत पारीक, एस.एन. गौतम, अविनाश शर्मा हिन्दी के क्षेत्र में हिन्दी का प्रचार, पदमाकर शर्मा, मनोहर लाल शर्मा प्रेम शर्मा, जगदीश सोनवाल, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, महेन्द्र यादव और रेणु शर्मा, बेस्ट वीडियों जर्नलिस्ट अवार्ड बलवीर सिंह राठौड, संजय कुमरें एवं राजू चौधरी, बेस्ट फोटोजर्नलिस्ट अवार्ड, मनोज श्रेष्ठ, रविशंकर व्यास, संतोष शर्मा को माला, साफा शॉल, प्रशिस्त पत्र एवं स्मृति चिंह देकर सम्मान किया।



## जागरूक खबरें

### ■ खाद्य वस्तुओं के लिए सैम्पल, किया पाबंद



**जालौर @ जागरूक जनता।** दिवाली पर लोगों को शुद्ध और ताजा खाद्य वस्तुएं उपलब्ध हो और मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए शुरू किए गए शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत बीते दिनों दिगांव में आपेश्वर चिलिंग सेंटर का निरीक्षण कर सैंपल लिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ भजनराम विश्नोई ने बताया कि जिला कलेक्टर निशांत जैन के निर्देशन में तहसीलदार पारसमल के नेतृत्व में जांच दल ने दिगांव में आपेश्वर चिलिंग सेंटर का निरीक्षण किया और जांच के लिए सैम्पल लिए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद परमार, राजस्व निरीक्षक हेमंत कुमार एवं सहायक कर्मचारी दामोदर सिंह में पनीर, दूध एवं घी के सैंपल लिए। साथ ही सर्णेश्वर डेयरी फार्म, मेड़ा उपरला से कलाकंद (मीठा मावा) का सैंपल लिए गया। वहीं दुकानदारों को साफ सफाई रखने और शुद्ध खाद्य सामग्रियों के विक्रय हेतु पाबंद किया। सभी सैम्पलों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला में भेजा जाएगा और रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### ■ दीपावली मेला आयोजित



**जालौर @ जागरूक जनता।** जालोर में नगर परिषद के बाहर राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की ओर से दीपावली मेला लगाया गया। इस अवसर पर मिट्टी के दीपकों व पूजन सामग्री की स्टॉल लगाई गई। मेले में मिट्टी और गोबर के दीपक, बाजरे के बिस्किट और कई प्रकार के दीपावली गिफ्ट और खाद्य सामग्री के स्टॉल लगाई गई। स्टॉल को समूह महिलाओं द्वारा हाथो से तैयार उत्पादों की बिक्री के लिए लगाया गया हैजिला कलेक्टर निशांत जैन ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। इसके बाद जिला कलेक्टर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय वासु, राजीविका की डीपीएम चितम्बरा परमार ने मेले में लगाई गई सभी स्टोल का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि इतने माध्यम से हमारा मकसद आजीविका कर सपोर्ट करना और मिट्टी से बने दियों का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करना है। आगे और भी ज्यादा बड़े स्तर पर आयोजन करेंगे।

### ■ राष्ट्रीय लोक अदालत 12 को

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 नवंबर को होगा। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत की पूर्व तैयारियों एवं सफल आयोजन के संबंध में जिला एवं सेशन न्यायाधीश उदयपुर (अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) चंचल मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने उदयपुर जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अधिकाधिक प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रखवाने हेतु चिन्हित किया जाए। पक्षकारों एवं अधिवक्तागण से समझाईश की जाकर प्री-काउन्सलिंग की जाए, डोर स्टेप काउन्सलिंग पर अधिक जोर दिया जाए, पांच साल से अधिक पुराने समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों को आगामी लोक अदालत में रखा जाए।

### ■ 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक कराए जाएंगे साक्षात्कार

**अजमेर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने कॉलेज शिक्षा विभाग भर्ती-2020 के तहत सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) के तहत जियोलॉजी, होम साइंस (होम मैनेजमेंट) और जूलॉजी का साक्षात्कार कार्यक्रम जारी कर दिया है। सहायक आचार्य जियोलॉजी के साक्षात्कार 31 अक्टूबर को होंगे। सहायक आचार्य होम साइंस (होम मैनेजमेंट) के साक्षात्कार 31 अक्टूबर और 1 नवम्बर को कराए जाएंगे। सहायक आचार्य जूलॉजी के साक्षात्कार 1 से 3 नवम्बर तक कराए जाएंगे।

### ■ मुख्यमंत्री जन आवास योजना में आवंटित राशि जमा की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** नगरपालिका द्वारा बड़ौली चौराहा के पास स्थित भूमि पर आवास योजना में जिन व्यक्तियों को आवास आवंटित हुए हैं उनकी राशि जमा करने की अन्तिम तारीख 31 अक्टूबर है। अधिशाषी अधिकारी सौरभ कुमार ज़िन्दल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा हर एक के घर सपना पूरा करने के उद्देश्य से पालिका द्वारा कमज़ोर व अल्प आय वर्ग के लोगों के लिए सस्ती दरों पर फ्लैट्स बनवाकर आवंटित करने की योजना को शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। अतः जिन लोगों को फ्लैट्स आवंटित किए गए हैं वो बकाया राशि नगरपालिका में शीघ्र जमा करवा देवे। जमा करवाने की अंतिम दिनाँक 31 अक्टूबर रखी गई है। 31 अक्टूबर तक यह राशि जमा करवा देवें अन्यथा आवंटन निरस्त की कार्यवाही की जाएगी जिसका ज़िम्मेदार वो स्वयं होगा।

### ■ थावर को पक्का मकान देगा नारायण सेवा संस्थान



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** नारायण सेवा संस्थान की ओर से आदिवासी अंचल में ' हर घर खुशियों की दीपावली ' कार्यक्रम के तहत गिर्वा तहसील की काया पंचायत के सुरफलाया गांव में थावर मीणा के परिवार को मिठाई, दीपक, राशन, वस्त्र, पटाखे आदि प्रदान किए गए। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया 6 पुत्रियों का पिता थावर मजदूरी कर परिवार का पोषण करता है। यह बड़ा परिवार कच्चे और जीर्ण-शीर्ण मकान में रहता है। संस्थान ने इसके लिए पक्का मकान बनाने का निर्णय किया है, जिसका कार्य जल्दी ही शुरू होगा।

### ■ पेयजल परियोजना को वित्तीय स्वीकृति

**भरतपुर/जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार ने चंबल-धौलपुर-भरतपुर वृहद पेयजल परियोजना के तहत भरतपुर एवं धौलपुर जिलों में सर्वे एवं डीपीआर कार्यों के लिए राज्य मद से 7.20 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही सिंचाई के लिए भी पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। पिछले बजट में पेयजल की सुचारू उपलब्धता के लिए 3 हजार 106 करोड़ की चंबल-धौलपुर-भरतपुर वृहद पेयजल परियोजना की घोषणा की थी।

---

सरकार ने मंजूर की राशि: एक ही जगह पर होंगे सभी कार्यालय, आम जनता को मिलेगी राहत

# 50 करोड़ की लागत से सिरोही में बनेगा मिनी सचिवालय भवन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**सिरोही।** जिला मुख्यालय पर 50 करोड़ की लागत से मिनी सचिवालय भवन का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अन्तर्गत स्वीकृत मिनी सचिवालय निर्माण के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने 50 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। ऐसे में अब शीघ्र ही मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद जागी है। राशि स्वीकृति होने से लोगों में खुशी की लहर है। ऐसे में अब लोगों को एक ही जगह पर सभी कार्यालय नजर आएंगे। एक ही जगह पर सभी कार्यालय होने से लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

इधर, सरकार की ओर से सिरोही में मिनी सचिवालय निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री सलाहकार, विधायक संयम लोढा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मिनी सचिवालय बनने से आम जनता को राहत मिलेगी तथा वे किसी भी विभाग का कार्य एक छत के नीचे करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मिनी सचिवालय के कार्य की मुख्यमंत्री बजट घोषणा वित्तीय वर्ष 2020-21 में घोषणा की गई थी। भवन अन्डर ग्राउंड, भू तल एवं तीन मंजिला इमारत में तैयार होगा। भवन में समस्त आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। विधायक ने बताया कि भवन वर्तमान में संचालित जिला कलक्टर कार्यालय से 2.50 किमी, बस स्टैंड से 1.50 किमी एवं जिला चिकित्सालय से एक किमी की दूरी पर निर्मित होगा।

### मिनी सचिवालय में 20 विभाग होंगे संचालित

जिला कलक्टर डॉ. भंवर लाल ने बताया कि मिनी सचिवालय सिरोही के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में 10 करोड रुपए, 2023-24 में 30 करोड एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10 करोड सहित कुल 50 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। सिरोही के नवीन प्रस्तावित न्यायालय के पास 6.10 हैक्टयर भूमि में यह मिनी सचिवालय बनाया जाएगा। इसमें करीब 20 विभाग संचालित होंगे। भवन में 240 चार पहिया व 250 दुपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

# एक हजार लीटर दूध क्षमता वाले बीएमसी का उद्घाटन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** बड़ीसादड़ी तहसील के ग्राम करोली नवीन एक हजार लीटर दूध क्षमता वाले बीएमसी उद्घाटन एंव पारितोषिक वितरण समारोह डेयरी अध्यक्ष बद्रीलाल जाट के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हनुमंत सिंह बोहेडा, हरीश धाकड़, मांगीलाल गुर्जर, गणपत पुरी, नारायण व्यास, संघ डायरेक्टर शंकर धनोरा, मदन, नर्मदा शंकर, सरपंच ऊंकार, प्रकाश, दरियाव सिंह, राजू पठान, आर पी संजय पोखरना, पृथ्वीराज, संतोष जणवा, ओंकार जाट, भेरू आलोद, प्रकाश, प्रकाश देवली, जीवन पुरी, चंपालाल, गौरी शंकर, सागर आदि उपस्थित रहे। डेयरी अध्यक्ष बद्रीलाल ने अच्छी नस्ल के पशु पालने के साथ दुग्ध व्यवसाय में ज्यादा ध्यान देने का आग्रह करते हुए कहा कि दुग्ध व्यवसाय एवं कृषि दोनों साथ-साथ वर्षों से परंपरागत तरीके से करते आ रहे है, लेकिन आधुनिक युग में हमें पशुपालन में उत्तम नस्ल के पशु पालने, कृषि में विभिन्न आधुनिक एवं वैज्ञानिक तरीके अपनाकर अधिक लाभ कमाया जा सकता है।

डेयरी संघ द्वारा आगामी प्रस्तावित विभिन्न योजना जैसे पशुओं के क्रय पर 10 हजार रुपए का अनुदान देना, महिला सशक्तिकरण को बढावा देने व दुग्ध उत्पादन संबंधित सभी कार्य महिलाओं को देने का आग्रह किया। इस दौरान पारितोषिक वितरण समारोह में 50 सदस्यों को बर्तन पारितोषिक के रूप में वितरित किये गये।

# जल जीवन मिशन: दो गांवों में होंगे घर नल कनेक्शन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जसोल।** केंद्र व राज्य सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर जल कार्यक्रम के तहत क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए दोनों पंचायतों में 9 करोड़ रुपए के बजट निर्धारित किया गया है।कुड़ी-पटाऊ गांव में जोजरी नदी के बहाव के पास 7 मीटर ऊंची पेयजल आपूर्ति के लिए टंकी का निर्माण करवा दिया गया है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर चल रहा है। इस पर कुड़ी एवं पटाऊ को हर घर नल कनेक्शन के बाद पेयजल किल्लत से जल्द छुटकारा मिलेगा। कुड़ी में पम्प हाउस व सीडब्ल्यूआर टंकी बनेगी। दोनों जगह उच्च जलाशय टंकी को भरकर जांच की जाएगी। यदि पानी का रिसाव नहीं हुआ तो वहीं से पेयजल सप्लाई की जाएगी। कुड़ी गांव में जलाशय के लिए होदी व पाइपलाइन का कार्य प्रगति पर है। बिजली कनेक्शन होने पर जल्द पेयजल सप्लाई चालू की जाएगी।

कुड़ी-पटाऊ में दो दशक से पानी की समस्या है। काफी दूर से टैंकरों के माध्यम से पानी मंगवाना पड़ता है। अब जल जीवन मिशन के तहत घर- घर नल कलेक्शन का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा हैं। अब उम्मीद है कि जल्द ही स्वस्थ पानी पीने को नसीब होगा।

**- राकेश चांपाणी,** समाजसेवी कुड़ी

कुड़ी व पटाऊ में जल जीवन मिशन के तहत कार्य जोरों पर चल रहा है। कई वर्षों से इस गांव में पेयजल की किल्लत थी, जो अब खत्म हो जाएगी।

**- राजूराम पालीवाल,** स्थानीय निवासी, कुड़ी

जिला कलक्टर पहुंचे आसरा विकास संस्थान

# कलक्टर से दिवाली गिफ्ट पाकर बच्चे हुए खुश

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल गुरुवार को आसरा विकास संस्थान में बच्चों के बीच दिवाली की खुशियां बांटने पहुंचे। यहां जिला कलक्टर करीब एक घंटा रुके और इस दौरान एक-एक बच्ची के पास जाकर दिवाली गिफ्ट के रूप में ड्रेस, मिठाई और पटाखे बांटे। जिला कलक्टर ने सभी बच्चियों को दिवाली की शुभकामनाएं दी और दिवाली का त्योहार खूब धूमधाम से मनाने को कहा। मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर गितेश श्रीमालवीय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामदयाल मांझू ने भी बच्चियों को गिफ्ट दिए।



### 100 बच्चों को सांवलियाजी मंदिर बोर्ड ने दिया दिवाली का तोहफा

अतिरिक्त जिला कलक्टर और सांवलिया जी मंदिर बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गितेश श्रीमालवीय ने बताया कि जिले के 100 निराश्रित बच्चों को सांवलियाजी बोर्ड की ओर से दिवाली के उपहार के रूप में जूते-मोजे, पटाखे, मिठाई और ड्रेस देकर इनकी खुशियों को रोशन करने का प्रयास किया है।

## 2024 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियां बनेंगी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में मार्च 2023 तक 2024 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियां बनाई जाएगी। सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है। इसी के अनुरूप सभी जिलों को टारगेट दिया गया है। प्रमुख सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने कहा कि नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन में हिस्सा राशि को 5 लाख से कम कर 3 लाख रुपए तथा सदस्य संख्या को 500 से घटाकर 300 किया गया है। इससे नई समितियों के गठन में आसानी होगी।

# इंटरनेशनल शेफ डे मनाया



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** इंटरनेशनल शेफ डे पर नारायण सेवा संस्थान के दिव्यांग बच्चों और भोजनालय के कार्मियों को भोजन बनाने के विभिन्न तरीकों और डिशेज की जानकारी जाने माने शेफ के द्वारा दी गई। इस मौके पर संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल ने लेक पैलेस के शेफ मनीष जोशी, गणेश, हेमन्त और ताज फतह प्रकाश के मैनेजर दिलीप नायर, शोभना गुप्ता, हेमन्त का पगड़ी दुप्पटे से अभिनन्दन भी किया।

जी-20 कॉन्फ्रेंस की मेजबानी तय, तीन दिन तक 3 होटलों में आयोजन

# 5 दिसंबर से उदयपुर में जुटेंगे शेरपा: रोजगार-शिक्षा समेत 12 विषयों पर होगा वैश्विक मंथन

### 43 प्रतिनिधिमंडल होंगे शामिल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** दुनिया की विकसित और तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह जी-20 की प्रेसिडेंसी भारत के पास आने के चंद दिनों में होने वाली संगठन की महत्वपूर्ण बैठक के लिए राजस्थान की मेजबानी अब तय हो गई है। 5 से 7 दिसंबर तक जी–20 के शेरपा ट्रैक के प्रतिनिधि उदयपुर में जुटेंगे।

शेरपा कॉन्फ्रेंस में विश्व के 20 देशों के 43 प्रतिनिधिमंडलों की अलग–अलग बैठकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, पर्यटन समेत पूरे विश्व को प्रभावित कर रहे 12 विषयों पर मंथन किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस को लेकर विदेश मंत्रालय ने राज्य सरकार को शुरुआती जानकारी दे दी है। विस्तृत कार्यक्रम मंत्रालय जल्द जारी करेगा। राज्य सरकार ने कॉन्फ्रेंस के संभावित स्थलों के तौर पर उदयपुर की तीन होटलों को चुन लिया है। आयोजन में करीब तीन सौ से अधिक प्रतिभागियों के उदयपुर आने का अनुमान है। आयोजन की तैयारियों के लिए राज्य में गठित गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार की अध्यक्षता वाली समिति ने पिछले दिनों बैठक की।

### देखेंगे ऐतिहासिक राजस्थान

तीन दिन के आयोजन में दो दिन तक शेरपा ग्रुप की विभिन्न शाखाओं की बैठकें होंगी, जबकि तीसरे दिन प्रतिनिधिमंडलों का चित्तौड़गढ़, रणकपुर और कुंभलगढ़ का भ्रमण प्रस्तावित है। गौरतलब है कि भारत इसी साल 1 दिसंबर को जी-20 की प्रेसिडेंसी संभालेगा, जो 2023 में 30 नवंबर तक हमारे पास रहेगी।
**संवरेगी झीलों की नगरी :** पिछले महीनों में विदेश मंत्रालय के दलों ने उदयपुर के दौरे में सफाई व्यवस्था पर चिंता जताई थी। इस पर समिति ने उदयपुर में सौंदर्यीकरण कार्य, सड़क मरम्मत और साफ सफाई वाले स्थल चयनित कर जल्द काम पूरा कराने के निर्देश स्वायत शासन को दिए हैं।

### क्या है शेरपा कॉन्फ्रेंस

**जी-20** की तीन कार्यशील शाखाओं में से एक महत्वपूर्ण शेरपा ट्रैक है। इस समूह में हर देश के प्रभारी प्रतिनिधि शामिल होते हैं। समूह भ्रष्टाचार निरोधक, कृषि, डिजिटल इकोनॉमी, रोजगार, पर्यावरण समेत अपनी 12 कार्यशील स्ट्रीम्स के जरिए काम करता है। सालभर तक इसकी बैठकें चलती रहती हैं और निर्णयों पर सदस्य देशों में आपसी सहमति बनाने की जिम्मेदारी इसी समूह पर होती है। जी-20 में भारत, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, अमरीका और यूरोपियन यूनियन शामिल हैं।

# दिवाली पर आग लगी तो तुरंत पहुंचेगा अग्निशमन वाहन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** दिवाली पर जयपुर शहर के लोग खुशीपूर्वक त्योहार मना सकें। इसके लिए जयपुर शहर के दोनों नगर निगम ने अग्निशमन की चाक-चौबंद व्यवस्था की है। ग्रेटर नगर निगम जहां चार थानों में अपने अग्निशमन वाहन खड़ा करेंगे। वहीं हैरिटेज नगर निगम ने अपने कर्मचारियों का समय 12 घंटे कर दिया है। ग्रेटर निगम ने इस बार फायर स्टेशन के अलावा फायर व्हीकल चिह्नित 4 पुलिस थानों पर भी तैनात किए जाएंगे। इसके साथ ही अग्निशमन केंद्र पर सीधी सूचना के लिए एक डेडीकेटेड टेलीफोन नंबर भी सार्वजनिक किया गया है। इसके अलावा तरल पदार्थ की आग के लिए फॉर्म और शार्ट सर्किट की आग के लिए CO2 स्टिंगुएशर की व्यवस्था भी की गई है। आपको बता दें आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए राजधानी में 12 फायर स्टेशन पर 57 छोटी-बड़ी दमकल मौजूद हैं। इसके अलावा तंग गलियों में आग पर काबू पाने के लिए मोटरसाइकिल दमकल और बड़ी बिल्डिंग के लिए 72 और 42 मीटर एएचएलपी मौजूद है। हालांकि चारदीवारी का इलाका तंग होने की वजह से 2 साल पहले फायर फाइटिंग सिस्टम विद पंप हाउस प्रोजेक्ट लाया गया था वो अभी भी अधूरा ही है। बीते साल राजधानी में दीपावली पर 400 से ज्यादा आगजनी की घटनाएं हुई।हेरिटेज निगम ने अग्निशमन कर्मचारियों की दीपोत्सव पर 5 दिन की ड्यूटी 8 की बजाय 12 घंटे कर दी है। इस बार 45 स्टेशन के अलावा 8 पुलिस थानों पर भी फायर व्हीकल तैनात किए जा रहे हैं। जहां तक तंग बाजारों का सवाल है तो यहां छोटी आगजनी के लिए फायर बाइक का इस्तेमाल किया जाएगा। जबकि बड़ी आग दमकल से ही बुझाई जाएगी।

# विद्यार्थियों ने किया बूंदी, कोटा के विभिन्न स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**केकड़ी।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मण्डा के चयनित विद्यार्थियों के एक दल ने संस्था प्रधान परमानन्द पारीक के नेतृत्व में कोटा एवं बून्दी जिले के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। 'एक्सपोजर टू वोकेशनल एजुकेशन' कार्यक्रम के तहत हुए इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन महत्व वाले विभिन्न स्मारकों एवं स्थानों का विजिट कराया गया। इस दौरान बच्चों ने अपने व्यावहारिक ज्ञान में अभिवृद्धि की।

बच्चों ने बून्दी में नवल सागर झील, चौरासी खंभो की छतरी, चित्रशाला एवं तारागढ़ दुर्ग पहुंचकर वहां की स्थापत्य कला के साथ ही व्यू पॉइंट से बून्दी शहर का नजारा भी देखा। इस दौरान शारीरिक शिक्षक राजेश कुमार उपाध्याय ने दुर्ग के इतिहास के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही बच्चों को कोटा में अभेडा बायोलॉजिकल पार्क, अभेडा महल, गरडिया महादेव मंदिर, मुकुन्दरा हिल्स टाइगर रिजर्व, हैंगिग ब्रिज, सेवन वंडर पार्क, किशोर सागर एवं माँ त्रिकुटा धाम सहित कई स्थानों का भ्रमण करवाया गया। बच्चों ने अभेडा महल में बोटिंग करने का जमकर लुत्फ लिया। सेवन वन्डर पार्क में दुनिया के सभी सात आश्चर्यों को एक साथ देखना उनके लिए अनूठा अनुभव था। आयोजन प्रभारी शिक्षक दिनेश कुमार वैष्णव ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से छात्र खुले वातावरण में शिक्षा को अपने व्यक्तिगत अनुभवों से परिभाषित करते है। शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से बच्चों में एक अनुभूति जागृत होती है, जिससे वे यहां की विभिन्नताओं जैसे इतिहास, विज्ञान, शिष्टाचार और प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जान सकते है। इसके अतिरिक्त बच्चों में समूह में रहने की प्रवृत्ति, नायक बनने की क्षमता तथा आत्मविश्वास एवं भाईचारे की भावना प्रबल होती है। पूरे भ्रमण में माँ त्रिकुटा धाम बच्चों के सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र रहा। यह मन्दिर कटरा जम्मूकश्मीर में स्थित माता वैष्णो देवी के वास्तविक पथ के समान पहाड़ियों एवं गुफाओं के रूप में बना हुआ है। यहां बच्चों ने पहाड़ो, झरनों और गुफाओं में से होकर माता वैष्णो देवी की यात्रा का अनुभव लिया। इस दौरान प्रधानाध्यापक परमानन्द पारीक, शारीरिक शिक्षक राजेश कुमार उपाध्याय, शिक्षक दिनेश कुमार वैष्णव, अध्यापिका रीना कुमारी एवं शबाना बानो भी उपस्थित थी।